एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

ी विक्रम संवत 2083 | बरेली | बुधवार, 20 मई 2026, वर्ष 7,

PAGE NO.- III : MIDDLE

रंगोदय में वंशिका कपूर ने मारी बाजी

बरेली, अमृत विचार : बाल एवं युवा महोत्सव 2026 के अंतर्गत एसआरएमएस रिद्धिमा में आयोजित रंगोदय वर्कशॉप एवं प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 40 बच्चों ने हिस्सा लिया। जहां फाइन आर्ट गुरु सौरव रस्तोगी ने प्रतिभागियों को पेंटिंग की तकनीक, रंग संयोजन और रचनात्मक अभिव्यक्ति के गुर सिखाए। प्रतियोगिता में हार्टमन कॉलेज की वंशिका कपूर ने प्रथम, जीआरएम के अर्श प्रजापति ने दूसरा और नारायण ई-टेक्नो स्कूल की काश्वी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हावी टाउन इंस्टीट्यूट की सृजना और एसआर इंटरनेशनल स्कूल के अमर अकरम को सांत्वना पुरस्कार मिला। निर्णायक मंडल में आशीष अग्रवाल और सौरव रस्तोगी शामिल रहे। संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति व ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने विजेताओं को सम्मानित किया।